CS (Main) Exam,2021

वियोज्य *DETACHABLE*

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र I)

# PSYCHOLOGY (Paper I)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों को शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द-सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about 150 words each : $10\times5=50$

1.(a) सहजबोध और सामान्य समझ की क्या सीमाएँ हैं ? मनोवैज्ञानिक वैज्ञानिक विधियों पर क्यों जोर देते हैं ? चर्चा करें ।
What are the limits of intuition and common sense ? Why do psychologists emphasize on scientific methods ? Discuss. 10

1.(b) पारस्परिक संघर्षों और सामाजिक अशांति के समाधान में मनोवैज्ञानिक की भूमिका का वर्णन कीजिए ।
State the role of psychologist in resolving interpersonal conflicts and social unrest. 10

1.(c) समूह विचार-मंथन प्रक्रिया के दौरान आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करें ।
Discuss the challenges during group brainstorming process. 10

1.(d) किशोरों के व्यवहार को आकार देने में जनसंचार माध्यमों की भूमिका का वर्णन करें । उपयुक्त उदाहरण देकर इसका समर्थन करें ।
Describe the role of mass media in shaping the behaviour of adolescents. Support it with appropriate examples. 10

1.(e) स्मृति निर्माण की अवधारणा के संदर्भ में न्यायिक परीक्षण में प्रत्यक्षदर्शी गवाही की सटीकता का मूल्यांकन कीजिए ।
With reference to the concept of memory construction evaluate the accuracy of eyewitness testimony in judicial trial. 10

2.(a) बुनियादी और अनुप्रयुक्त अनुसंधान कैसे भिन्न होते हैं ? समझाऐं कि कैसे बुनियादी शोध से ज्ञान व्यावहारिक समस्याओं को हल करने में मदद करता है ।
How do basic and applied research differ ? Explain how knowledge from basic research helps solve practical problems. 20

2.(b) बुजुर्गों में संज्ञानात्मक गिरावट पैदा करने वाले कारकों पर चर्चा कीजिए ।
Discuss the factors causing cognitive decline in the elderly. 15

2.(c) संवेदी सूचनाओं का नीचे से ऊपर और ऊपर से नीचे प्रसंस्करण का वर्णन कीजिए ।
Describe the bottom-up and top-down processing of sensory information. 15

3.(a) किसी व्यक्ति के शारीरिक, संज्ञानात्मक और सामाजिक-भावनात्मक विकास में प्रकृति (आनुवंशिक कारक) और पोषण (पर्यावरणीय कारक) कितना योगदान करते हैं ?
How much nature (genetic factors) and nurture (environmental factors) contribute to a person's physical, cognitive and socio-emotional development ? 20

3.(b) चिरप्रतिष्ठित प्रानुकूलन (क्लासिकल कंडीशनिंग) के सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए । वास्तविक जीवन में चिरप्रतिष्ठित प्रानुकूलन के सिद्धान्तों के अनुप्रयोग को उदाहरण दे कर समझाइये ।
Describe the principles of classical conditioning. Illustrate the application of classical conditioning principles in real life. 15

**3.** (c) मानव व्यवहार को समझने में संज्ञानात्मक तंत्रिका मनोविज्ञान और सामाजिक-सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य के महत्व की व्याख्या कीजिए ।

Explain the importance of cognitive neuropsychology and socio-cultural perspective in understanding human behaviour. 15

**4.** (a) चयनात्मक ध्यान क्यों महत्वपूर्ण है ? चयनात्मक ध्यान के सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए ।

Why is selective attention important ? Discuss the theories of selective attention. 20

**4.** (b) कार्यस्थल पर आक्रमक व्यवहार में लिंग-भेद की जांच करने के लिए कौन सी विधि सबसे उपयुक्त है ? विस्तार से वर्णन कीजिए ।

Which method is most appropriate to investigate gender differences in aggressive behaviour at the work place ? Elaborate. 15

**4.** (c) विशेषज्ञता और असाधारण स्मृति में स्कीमा और स्मृतिकारक उपकरणों (निमॉनिक डिवाइसेस्) की भूमिका का वर्णन कीजिए ।

Describe the role of schemas and mnemonic devices in expertise and exceptional memory. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : $10 \times 5 = 50$

**5.** (a) "कुछ मनोवैज्ञानिक मापन विश्वसनीय हो सकते है लेकिन मान्य नहीं" । इसका उदाहरणों सहित वर्णन कीजिए ।

"Some psychological measures can be reliable but not valid". Elaborate it with examples. 10

**5.** (b) आई.क्यू स्कोर शैक्षिक, नौकरी, और अन्य जीवन परिणामों में सफलता की भविष्यवाणी करता है । मूल्यांकन करें ।

IQ scores predict success in academic, job and other life outcomes. Evaluate. 10

**5.** (c) आत्म-प्रभावकारिता क्या है ? आत्म-प्रभावकारिता बढ़ाने के संभावित लाभों पर चर्चा कीजिए ।

What is self-efficacy ? Discuss the potential benefits of enhancing self-efficacy. 10

**5.** (d) औपचारिक संक्रियात्मक विचार सार्वभौमिक रूप से प्राप्त नहीं होता है । चर्चा करें ।

Formal operational thought is not universally achieved. Discuss. 10

**5.** (e) हाई स्कूल के बच्चों के लिए व्यवसायों के बारे में पूर्वानुमान लगाने के लिए अभिक्षमता परीक्षणों का उपयोग करने के अभ्यास पर एक आलोचनात्मक मूल्यांकन करें ।

Give a critical appraisal on the practice of using aptitude tests to predict professions for high school children. 10

**6.** (a) क्या हम एक व्यक्तित्व के साथ पैदा हुए हैं ? सैद्धांतिक व्याख्या के साथ आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Are we born with personality ? Critically evaluate with theoretical interpretation. 20

**6.** (b) प्रभावी संचार प्रशिक्षण की रणनीति का वर्णन करें ।

Describe the strategies of effective communication training. 15

**6.** (c) भावना के शारीरिक आधार एवं इसके मापन का वर्णन करें ।

Discuss the physiological basis of emotion and its measurement. 15

**7.** (a) प्रेरणा के लिए कौन से दृष्टिकोण एक संगठन में अधिक सामान्यतः उपयोग किये जाते हैं ? प्रेरणा को बनाए रखने या बढ़ाने में ये दृष्टिकोण कैसे मदद कर सकते हैं ?

Which approaches to motivation are more commonly used in an organization ? How these approaches might help to sustain or increase motivation ? 20

**7.** (b) ध्यान (मेडीटेशन) के विभिन्न प्रकारों का और स्वास्थ्य एवं कल्याण (वैल-बीइंग) पर इसके प्रभाव का वर्णन कीजिए ।

Describe different types of Meditation and its effect on health and well-being. 15

**7.** (c) मनोविज्ञान में अभ्यास के विभिन्न क्षेत्रों में कंप्यूटर अनुप्रयोग के उपयोग पर चर्चा करें ।

Discuss the use of computer application in the various domains of practice in Psychology. 15

**8.** (a) मनुष्य स्वंय और दूसरों के कार्यों के लिए कारण निर्धारित करने का प्रयास करता है और पूर्वाग्रहों और त्रुटियों के जाल में फंस जाता है । आलोचनात्मक चर्चा करें ।

Humans strive to assign causes to actions of self and others and fall into traps of biases and errors. Critically discuss. 20

**8.** (b) अतिरिक्त संवेदी धारणा में विश्वास के संज्ञानात्मक और प्रेरक निर्धारकों का वर्णन कीजिए ।

Discuss the cognitive and motivational determinants of the belief in extra sensory perception. 15

**8.** (c) भाषा के विकास के लिए व्यवहारवादी (बिहेवियोरिस्टिक) और देशीयता (नेटिविस्टिक) दृष्टिकोण का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए ।

Give a comparative analysis of the behaviouristic and nativistic perspective to language development. 15

---